- एसिडोफिलिस एक प्रोबायोटिक बैक्टीरिया है जो स्वाभाविक रूप से मानव आंत्र और शरीर के अन्य भागों में उपस्थित होता है। यह बैक्टीरिया पाचन तंत्र को लैक्टोज जैसी शर्करा को लैक्टिक एसिड में विखंडित करने में मदद करता है। मानव आंत्र में खरबों बैक्टीरिया और अन्य सूक्ष्म जीव उपस्थित होते हैं।
- ऐसे कई तरीके हैं जिनसे मानव प्रोबायोटिक सप्लीमेंट ले सकते हैं। ये कई रूपों में आते हैं, जिनमें खाद्य पदार्थ, पेय, कैप्सूल या गोलियाँ, पाउडर, तरल पदार्थ शामिल हैं।

**अतः कथन 2 और 3 सही है।**

https://www.healthline.com/health/probiotics-and-digestive-health

**69. कोविड-19 विश्वमहामारी को रोकने के लिए बनाई जा रही वैक्सीनों के प्रसंग में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय सीरम संस्थान ने mRNA प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर कोविशील्ड नामक कोविड-19 वैक्सीन निर्मित की।
2. स्पुतनिक ट वैक्सीन रोगवाहक (वेक्टर) आधारित प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर बनाई गई है।
3. कोवैक्सीन एक निष्कृत रोगजनक आधारित वैक्सीन है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- COVISHIELD वैक्सीन उस प्लेटफॉर्म पर आधारित है जो SARS-CoV-2 स्पाइक (S) ग्लाइकोप्रोटीन को एन्कोडिंग करने वाले एक पुनःसंयोजक, प्रतिकृति-रहित चिंपैंजी एडेनोवायरस वेक्टर का उपयोग करता है। इसे लगाए जाने के बाद, कोरोनावायरस के हिस्से की आनुवंशिक सामग्री प्रकट होती है जो एक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को उत्तेजित करती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- स्पुतनिक V एक अच्छी तरह से अध्ययन किये गए मानव एडेनोवायरस वेक्टर प्लेटफॉर्म पर आधारित विश्व का पहला पंजीकृत टीका है। इसे 4 अरब लोगों की कुल आबादी वाले 71 देशों में उपयोग के लिये मंज़ूरी दी गई है। वैक्सीन का नाम पहले सोवियत अंतरिक्ष उपग्रह के नाम पर रखा गया है। 5 दिसंबर, 2020 और 31 मार्च, 2021 के बीच दोनों वैक्सीन घटकों के साथ टीका लगाए गए रूसियों के बीच कोरोनावायरस की घटनाओं के आँकड़ों के विश्लेषण के आधार पर, वैक्सीन की प्रभावकारिता 97.6% है। **अतः कथन 2 सही है।**
- Covaxin एक निष्क्रिय वायरल टीका है। इस वैक्सीन को होल-विरियन इनएक्टिवेटेड वेरो सेल-व्युत्पन्न तकनीक से विकसित किया गया है। उनमें निष्क्रिय वायरस होते हैं, जो किसी व्यक्ति को संक्रमित नहीं कर सकते हैं, लेकिन फिर भी प्रतिरक्षा प्रणाली को सक्रिय वायरस के खिलाफ एक रक्षा तंत्र तैयार करना सिखा सकते हैं। **कथन 3 सही है।**

https://www.who.int/publications/m/item/covaxin-(bbv152)-inactivated-covid-19-vaccine

**70. यदि कोई मुख्य सौर तूफन (सौर प्रज्वाल) पृथ्वी पर पहुँचता है, तो पृथ्वी पर निम्नलिखित में कौन-से संभव प्रभाव होंगे?**

1. GPS और दिक्संचालन (नैविगेशन) प्रणालियाँ विफल हो सकती हैं।
2. विषुवतीय क्षेत्रों में सुनामियाँ आ सकती हैं।
3. बिजली ग्रिड क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।
4. पृथ्वी के अधिकांश हिस्से पर तीव्र ध्रुवीय ज्योतियाँ घटित हो सकती हैं।
5. ग्रह के अधिकांश हिस्से पर दावाग्नियाँ घटित हो सकती हैं ।
6. उपग्रहों की कक्षाएँ विक्षुब्ध हो सकती हैं।
7. ध्रुवीय क्षेत्रों के ऊपर से उड़ते हुए वायुयान का लघुतरंग रेडियो संचार बाधित हो सकता है।

नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1, 2, 4 और 5

(b) केवल 2, 3, 5, 6 और 7

(c) केवल 1, 3, 4, 6 और 7

(d) 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7

**उत्तर:c**

**व्याख्या:**

- 10 मई, 2022 को सूर्य ने एक मजबूत सौर तूफ़ान/सौर प्रज्ज्वाल उत्सर्जित किया, जो EDT पर सुबह 9:55 बजे चरम पर था। नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी, जो लगातार सूर्य की स्थिति का अवलोकन करती है, ने इस घटना की एक छवि कैप्चर की। सौर प्रज्ज्वाल ऊर्जा के शक्तिशाली विस्फोट हैं।
- रात के आकाश में अक्सर तूफानों को सुंदर ज्योति के रूप में देखा जा सकता है, लेकिन वे पृथ्वी पर बिजली के ग्रिडों और नेविगेशन सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर सकते हैं।
- सूर्य की सतह से एक विशाल सौर तूफ़ान (सौर प्रज्ज्वाल) उत्पन्न हुआ जिसने एक तीव्र चुंबकीय तूफान उत्पन्न करते हुए, रेडियो तरंगों, दूरसंचार नेटवर्क और बिजली प्रणालियों को बाधित किया।
- वैज्ञानिकों ने ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका से बर्फ के कोर के विश्लेषण के माध्यम से पृथ्वी की बर्फ के भीतर एक अत्यधिक सौर 'सुनामी' के प्रमाण प्राप्त किये हैं।
- बड़े पैमाने पर प्लाज्मा के भंडारण के बाद एक चुंबकीय बांध बनता है। सौर चक्र के अंत में, यह चुंबकीय बांध टूट सकता है और ध्रुवों की ओर सुनामी की तरह भारी मात्रा में प्लाज्मा कैस्केडिंग मुक्त करता है।

**अतः कथन 1, 3, 4, 6 और 7 सही हैं।**

https://www.inverse.com/science/a-recent-uptick-in-solar-storms-has-scientists-worried

https://www.wionews.com/science/scientists-find-evidence-of-an-extreme-solar-tsunami-deep-within-earths-ice-448784

https://www.drishtiias.com/daily-updates/daily-news-analysis/solar-tsunami-can-trigger-the-sunspot-cycle

**71. निम्नलिखित फसलों में कौन-सी एक, मेथैन और नाइट्रस ऑक्साइड दोनों का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मानवोद्भवी स्रोत है?**

(a) कपास

(b) धान

(c) गन्ना

(d) गेहूँ

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- धान, मेथैन और नाइट्रस ऑक्साइड दोनों का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मानवोद्भवी स्रोत है। वर्तमान में धान का उत्पादन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसमें सिंचाई के पानी की कमी और जारी जलवायु परिवर्तन शामिल हैं।
- वर्तमान फसल तकनीकों के संशोधन से उपज में वृद्धि हो सकती है तथा पानी की बचत हो सकती है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी कम किया जा सकता है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**72. कृषि की ''धान गहनता प्रणाली'' का, जिसमें धान के खेतों का बारी-बारी से क्लेदन और शुष्कन किया जाता है, क्या परिणाम होता है?**

1. बीज की कम आवश्यकता
2. मेथैन का कम उत्पादन
3. बिजली की कम खपत

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- कृषि की ''धान गहनता प्रणाली'' का, जिसमें धान के खेतों का बारी-बारी से क्लेदन और शुष्कन किया जाता है, इस पद्धति का मुख्य परिणाम बीज की कम आवश्यकता, मेथैन का कम उत्पादन एवं बिजली की कम खपत है।

**अतः विकल्प (d) सही है।**

**https://hindi.indiawaterportal.org/content/esaaraai-takanaika-nae-badhaayaa-caavala-kaa-utapaadana/content-type-page/47948**

**73. पश्चिमी अफ्रीका की निम्नलिखित झीलों में कौन-सी एक, सूखकर मरुस्थल में बदल गई है?**

(a) लेक विक्टोरिया

(b) लेक फागुबिनि

(c) लेक ओगुटा

(d) लेक वोल्टा

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन-COP 26 के अनुसार पश्चिमी अफ्रीका की लेक फागुबिनि (Lake Faguibine) झील सूखकर मरुस्थल में बदल गई है।

**अतः विकल्प (c) सही है।**

**74. दक्षिण भारत की गंडिकोटा घाटी (कैन्यन) निम्नलिखित नदियों में से किस एक से निर्मित हुई है?**

(a) कावेरी

(b) मंजिरा

(c) पेन्नार

(d) तुंगभद्रा

**उत्तर: c**

**व्याख्या:**

- गंडिकोटा आंध्र प्रदेश के कडप्पा ज़िले का एक ट्वी गाँव है, जिसे 'भारत की मत्य घाटी' के रूप में जाना जाता है। दाहिनी ओर पेन्नार नदी से घिरा, यह गाँव एर्रामला पहाड़ियों से होकर नदी के द्वारा बनाई गई शानदार घाटियों के लिये लोकप्रिय है। उनके बीच चलने वाली धाराओं के साथ संकरी घाटियाँ और खड़ी चट्टानी दीवारें बेहद ही खूबसूरत लगती हैं।

**75. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **शिखर** | **पर्वत** |
|---|---|
| 1. नामचा बरवा | गढ़वाल हिमालय |
| 2. नंदा देवी | कुमाऊँ हिमालय |
| 3. नोकरेक | सिक्किम हिमालय |

**उपर्युक्त युग्मों में कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

नंदादेवी चोटियाँ कुमाऊँ हिमालय का एक भाग हैं।

- सतलुज और काली नदियों के बीच स्थित हिमालय के हिस्से को कुमाऊँ हिमालय के नाम से जाना जाता है।
- वृहद् हिमालय का विस्तार पश्चिम में नंगा पर्वत से लेकर पूर्व में नामचा बरवा चोटी तक विस्तृत है।
- नामचा बरवा पर्वत श्रेणी तिब्बत के अंतर्गत आती है।

**76. अक्सर समाचारों में सुनाई देने वाला शब्द ''लिवेंट'' मोटे तौर पर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संगत है?**

(a)  पूर्वी भूमध्यसागरीय तट के पास का क्षेत्र

(b) उत्तरी अफ्रीकी तट के पास का मिस्र से मोरक्को तक फैला क्षेत्र

(c) फारस की खाड़ी और अफ्रीका के शृंग (हॉर्न ऑफ़फ्रीका) के पास का क्षेत्र

(d) भूमध्य सागर के सम्पूर्ण तटवर्ती क्षेत्र

**उत्तर. (a)**

**व्याख्या:**

- लेवेंट भूमध्य सागर का पूर्वी तट है, जो लगभग 800 किमी. लंबा और लगभग 150 किमी चौड़ा है। यह पश्चिम में भूमध्य सागर और पूर्व में अरबो-सीरियाई रेगिस्तान के बीच में फैला हुआ है, जो उत्तर में ओरोंटिस नदी के मुहाने से लेकर दक्षिण में इस्थमस ऑफ़ स्वेज तक फैला हुआ है।

**अतः विकल्प (a) सही है।**

https://www.sciencedirect.com/topics/social-sciences/levant

**77. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. अज़रबैजान
2. किरगिज़िस्तान
3. ताजिकिस्तान
4. तुर्कमेनिस्तान
5. उज़्बेकिस्तान

**उपर्युक्त में से किनकी सीमाएँ अफगानिस्तान के साथ लगती हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 5

(b) केवल 1, 2 3 और 4

(c) केवल 3, 4 और 5

(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर. (C)**

**व्याख्या:**

- अफगानिस्तान को मूल रूप से एरियाना या बैक्ट्रा के रूप में जाना जाता है और फिर खुरासान (उगते सूरज की भूमि) के रूप में जाना जाता है। यह पश्चिम में ईरान और तुर्कमेनिस्तान, उत्तर में उज्बेकिस्तान, ताजिकिस्तान और किर्गिस्तान, पूर्व और दक्षिण में पाकिस्तान तथा उत्तर-पूर्व में वखान प्रांत चीन द्वारा घिरा हुआ है।
- अफगानिस्तान जिन देशों के साथ सीमा साझा करता है उनमें शामिल हैं: **चीन, ईरान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज़्बेकिस्तान**।




**अतः विकल्प (c) सही है।**

http://saarc-sdmc.org/afghanistan

**78. भारत के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मोनाज़ाइट दुर्लभ मृदाओं का स्रोत है।
2. मोनाज़ाइट में थोरियम होता है।
3. भारत की समस्त तटवर्ती बालुकाओं में मोनाज़ाइट प्राकृतिक रूप में होता है।
4. भारत में, केवल सरकारी निकाय ही मोनाज़ाइट संसाधित या निर्यात कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर. (b)**

**व्याख्या:**

- **मोनाजाइट अयस्क भारत, मेडागास्कर और दक्षिण अफ्रीका में पाया जाता है।**
- मोनाजाइट दुर्लभ मृदा तत्त्वों थोरियम, लैंथेनम और सेरियम का एक महत्त्वपूर्ण अयस्क है।

**मोनाजाइट के राज्यवार स्रोत:-**

| **राज्य** | **मोनाजाइट (मिलियन टन)** |
|---|---|
| ओडिशा | 2.41 |
| आंध्र प्रदेश | 3.72 |
| तमिलनाडु | 2.46 |
| केरल | 1.90 |
| पश्चिम बंगाल | 1.22 |
| झारखंड | 0.22 |
| कुल | 11.93 |

- **यह भारत के समस्त तटवर्ती क्षेत्रों में नहीं पाया जाता है।**
- वर्ष 1933 तक निजी कंपनियों को समुद्र तट तट की बालुकाओं में खनिजों का उत्खनन करने की अनुमति नहीं थी। उदारीकरण के बाद, निजी कंपनियों को शुरू में गार्नेट और सिलीमेनाइट की खान में खनन करने की अनुमति दी गई थी और इसके बाद अन्य खनिजों के लिये अनुमति दी गई थी।
    - वर्ष 2016 में पहले के एक संशोधन ने निजी कंपनियों को समुद्र तट की रेत के खनन पर रोक लगा दी, जहाँ मोनाजाइट की संकेंद्रण 0.75% से अधिक था।
    - निजी फर्मों को मोनाजाइट के प्रसंस्करण या निर्यात से प्रतिबंधित किया गया है। यह एक सरकारी एकाधिकार बना हुआ है, जिसे परमाणु ऊर्जा विभाग के दायरे में रखा गया है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

https://science.thewire.in/politics/government/centre-bars-private-players-from-mining-beach-sand-minerals/

**79. उत्तरी गोलार्ध में, वर्ष का सबसे लंबा दिन आम तौर पर कब होता है?**

(a) जून महीने का पहला पखवाड़ा

(b) जून महीने का दूसरा पखवाड़ा

(c) जुलाई महीने का पहला पखवाड़ा

(d) जुलाई महीने का दूसरा पखवाड़ा

**उत्तर. (b.)**

- उत्तरी गोलार्द्ध में '(21 जून)' यानी जून महीने का दूसरा पखवाड़ा' साल का सबसे लंबा दिन होता है।

**अतः विकल्प (b) सही है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/the-tilt-or-why-thursday-had-longer-daylight-hours-than-any-other-day

**80. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| **आर्द्रभूमि/झील** | **अवस्थान** |
|---|---|
| 1. होकेरा आर्द्रभूमि | पंजाब |
| 2. रेणुका आर्द्रभूमि | हिमाचल प्रदेश |
| 3. रुद्रसागर झील | त्रिपुरा |
| 4. सस्थाम्कोत्ता झील | तमिलनाडु |

**उपर्युक्त युग्मों में कितने सही सुमेलित हैं?**

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) केवल तीन युग्म

(a) सभी चारों युग्म

**उत्तर. (b.)**

**आर्द्रभूमियों/झीलों की सही अवस्थिति इस प्रकार है:**

दृष्टि The Vision

| आर्द्रभूमि/झील | अवस्थिति |
|---|---|
| 1. होकेर आर्द्रभूमि | **जम्मू और कश्मीर** |
| 2. रेणुका आर्द्रभूमि | **हिमाचल प्रदेश** |
| 3. रुद्रसागर झील | **त्रिपुरा** |
| 4. सस्थाम्कोत्ता झील | **केरल** |

**अतः विकल्प (b) सही है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/to-the-points/paper3/wetlands-7

**81. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एच.एन. सान्याल समिति की रिपोर्ट के अनुसरण में, न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 पारित किया गया था।
2. भारत का संविधान उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों को, अपनी अवमानना के लिए दंड देने हेतु, शक्ति प्रदान करता है।
3. भारत का संविधान सिविल अवमानना और आपराधिक अवमानना को परिभाषित करता है।
4. भारत में, न्यायालय की अवमानना के विषय में कानून बनाने के लिए संसद में शक्ति निहित है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 4

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- सत्यपाल समिति द्वारा तैयार किये गए 1963 के विधेयक का संसद की संयुक्त समिति (1969-70) (भार्गव समिति) द्वारा पुनर्विलोकन किया गया था। जिसके आधार पर न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है**।
- संविधान के अनुच्छेद 129 ने सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित करने की शक्ति प्रदान की। अनुच्छेद 215 ने उच्च न्यायालयों को संबंधित शक्ति प्रदान की। **अतः कथन 2 सही है।**
- न्यायालय की अवमानना अधिनियम, 1971 (Contempt of Court Act, 1971) के अनुसार, न्यायालय की अवमानना का अर्थ किसी न्यायालय की गरिमा तथा उसके अधिकारों के प्रति अनादर प्रदर्शित करना है। अभिव्यक्ति 'अदालत की अवमानना' को संविधान द्वारा परिभाषित नहीं किया गया है। हालाँकि, संविधान के अनुच्छेद 129 ने सर्वोच्च न्यायालय को स्वयं की अवमानना के लिये दंडित करने की शक्ति प्रदान की। **अतः कथन 3 गलत है।**
- अवमानना के लिये दंड देने की शक्ति सर्वोच्च न्यायालय में निहित एक संवैधानिक शक्ति है जिसे विधायी अधिनियम द्वारा भी कम या समाप्त नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 142 (2) में कहा गया है कि "संसद द्वारा इस संबंध में बनाए गए किसी भी कानून के प्रावधानों के अधीन" सर्वोच्च न्यायालय के पास अपनी अवमानना की सजा पर कोई भी आदेश देने की पूरी शक्ति होगी। **अतः कथन 4 सत्य है।**

**82. भारत के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकारी विधि अधिकारी और विधिक फर्म अधिवक्ता के रूप में मान्यता-प्राप्त हैं, किन्तु कॉर्पोरेट वकील और पेटेंट न्यायवादी अधिवक्ता की मान्यता से बाहर रखे गए हैं।
2. विधिज्ञ परिषदों (बार कौंसिलों) को विधिक शिक्षा और विधि महाविद्यालयों की मान्यता के बारे में नियम अधिकथित करने की शक्ति है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- सरकारी विधि अधिकारी, विधिक फर्म और पेटेंट न्यायवादी अधविक्ता के रूप में मान्यता प्राप्त हैं, जबकि कॉर्पोरेट वकील अधविक्ता की मान्यता से बाहर हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारतीय विधिज्ञ परिषद, अधविक्ता अधिनियम 1961 की धारा 4 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है जो भारत में विधिक अभ्यास और विधिक शिक्षा को नियंत्रित करता है। इसके सदस्य भारतीय वकीलों/अधविक्ताओं में से चुने जाते हैं और इस प्रकार वे भारतीय विधिज्ञ परिषद का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह पेशेवर आचरण, शिष्टाचार के मानकों को निर्धारित करता है और बार/विधिज्ञ परिषद पर अनुशासनात्मक अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करता है।
- यह विधिक शिक्षा के लिये मानक भी निर्धारित करता है और उन विश्वविद्यालयों को मान्यता प्रदान करता है जिनकी विधि की डिग्री छात्रों के लिये स्नातक स्तर पर अधविक्ता के रूप में नामांकन के लिये योग्यता के रूप में काम करेगी। **अतः कथन 2 सही है।**

**83. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी संविधान संशोधन विधेयक को भारत के राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश की अपेक्षा होती है।
2. जब कोई संविधान संशोधन विधेयक भारत के राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो भारत के राष्ट्रपति के लिए यह बाध्यकर है कि वे अपनी अनुमति दें।
3. संविधान संशोधन विधेयक लोक सभा और राज्य सभा दोनों द्वारा विशेष बहुमत से पारित होना ही चाहिए और इसके लिए संयुक्त बैठक का कोई उपबंध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- संविधान संशोधन विधेयक को किसी मंत्री या गैर सरकारी सदस्य द्वारा पुरःस्थापित किया जा सकता है और इसके लिये राष्ट्रपति की पूर्व सिफारिश आवश्यक नही है। **अतः कथन 1 सही नही है**।
- राष्ट्रपति विधेयक को सहमति/अनुमति देने के लिये बाध्य है। वह न तो विधेयक को अपने पास रख सकता है और न ही संसद के पास पुनर्विचार के लिये भेज सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान संसोधन विधेयक का प्रत्येक सदन में अलग-अलग पारित होना अनिवार्य है। दोनों सदनों के बीच असहमति की स्थिति में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक का कोई उपबंध नही है। **अतः कथन 3 सही है।**

**84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का संविधान मंत्रियों को चार श्रेणियों, अर्थात् कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री, राज्यमंत्री और उपमंत्री, में वर्गीकृत करता है।
2. संघ सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या, प्रधान मंत्री को मिला कर, लोक सभा के कुल सदस्यों के 15% से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर : (b)**

**व्याख्या:**

- मंत्रपिरिषिद में मंत्रयिों की तीन श्रेणयिाँ होती है -कैबनिट मंत्री ,राज्य मंत्री, उपमंत्री। उनके बीच का अंतर है, उनका पदक्रम ,उनका वेतन तथा राजनैतकि महत्त्व। **अतः कथन 1 सही नही है।**
- "प्रधानमंत्री सहति मंत्रपिरिषिद के सदस्यों की कुल संख्या, लोकसभा की कुल संख्या की 15 प्रतशित से अधकि नही होगी" इस उपबंध का समावेश 91वें संवधािन संसोधन वधियेक 2003 द्वारा कयिा गया था। **अतः कथन 2 सही है।**

**85. नम्निलखिति में कौन-सी लोक सभा की अनन्य शक्त(ियाँ) है/हैं?**

1. आपात की उद्घोषणा का अनुसमर्थन करना
2. मंत्रपिरिषिद के वरिुद्ध अवश्विास प्रस्ताव पारति करना
3. भारत के राष्ट्रपतपिर महाभयिोग चलाना

**नीचे दएि गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनएि:**

(a) 1 और 2

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) केवल 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- मंत्रपिरिषिद के वरिुद्ध अवश्विास प्रस्ताव पारति करना लोकसभा की अनन्य शक्तहिै। जब लोकसभा मंत्रपिरिषिद के वरिुद्ध एक अवश्विास प्रस्ताव पारति करती है तो सभी मंत्रयिों (जसिमे राज्य सभा के मंत्री भी शामलि हों) को त्याग पत्र देना पड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- आपात की उद्घोषणा का संकल्प संसद के प्रत्येक सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत तथा उपस्थति व मतदान करने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत द्वारा पारति कयिा जाना आवश्यक होगा। राष्ट्रीय आपात की घोषणा को संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखा जाता है तथा एक महीने के अंदर अनुमोदन न मलिने पर यह प्रवर्तन में नहीं रहती, कतिु एक बार अनुमोदन मलिने पर छह माह के लयि प्रवर्तन में बनी रह सकती है। परणिामतः आपात की उद्घोषणा का अनुसमर्थन लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों द्वारा कयिा जाता है। यह लोकसभा की अनन्य शक्तनिहीं है।**अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपतपिर महाभयिोग का प्रस्ताव मूल सदन (Originating House) में वशिेष बहुमत (दो-तहिाई) द्वारा पारति कयिा जाना चाहयि। इसके बाद प्रस्ताव को वचिार हेतु दूसरे सदन में भेजा जाता है। दूसरा सदन एक नरिीक्षक के रूप में कार्य करता है। राष्ट्रपतपिर लगे आरोपों की जाँच के लयि एक प्रवर समतिका गठन कयिा जाता है। भारत के राष्ट्रपतपिर महाभयिोग चलाना लोकसभा तथा राज्यसभा दोनों के अंतर्गत आता है। यह लोकसभा की अनन्य शक्तनिहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**86. भारत में दल-बदल वरिोधी कानून के सन्दर्भ में, नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि :**

1. यह कानून विनिर्दिष्ट करता है कि कोई नामनिर्दिष्ट विधायक सदन में नियुक्त होने के छह मास के अन्दर किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो सकता।
2. यह कानून कोई समयावधि नहीं देता जिसके अन्दर पीठासीन अधिकारी को दल-बदल मामला विनिश्चित करना होता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- दल-बदल विरोधी कानून के तहत किसी जनप्रतिनिधि को अयोग्य घोषित किया जा सकता है यदि:
    - एक निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से किसी राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है।
    - कोई निर्दलीय निर्वाचित सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है।
    - किसी सदस्य द्वारा सदन में पार्टी के पक्ष के विपरीत वोट किया जाता है।
    - कोई सदस्य स्वयं को मतदान से अलग रखता है।
    - छह महीने की समाप्ति के बाद कोई मनोनीत सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है।
- अतः कोई भी नामनिर्दिष्ट विधायक सदन में नियुक्त होने के छः माह के भीतर किसी राजनितिक दल में शामिल हो सकता है परंतु छः माह के उपरांत नहीं। **अतः कथन 1 गलत है।**
- कानून के अनुसार, सदन के अध्यक्ष के पास सदस्यों को अयोग्य घोषित करने संबंधी निर्णय लेने की शक्ति है।
- यदि सदन के अध्यक्ष के दल से संबंधित कोई शिकायत प्राप्त होती है तो सदन द्वारा चुने गए किसी अन्य सदस्य को इस संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है। अतः यह कानून कोई समयावधि नहीं निर्धारित करता जिसके भीतर पीठासीन अधिकारी को दल-बदल का मामला विनिश्चित करना होता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**87. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का महान्यायवादी और भारत का सॉलिसिटर जनरल ही सरकार के एकमात्र अधिकारी हैं जिन्हें भारत की संसद की बैठकों में भाग लेने की अनुमति है।
2. भारत के संविधान के अनुसार, भारत का महान्यायवादी अपना त्यागपत्र दे देता है, जब वह सरकार जिसने उसको नियुक्त किया था इस्तीफा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- संविधान के अनुसार, भारत के महान्यायवादी को वोट देने के अधिकार के बिना उसे संसद के दोनों सदनों या उनकी संयुक्त बैठक और संसद की किसी भी समिति की कार्यवाही में बोलने तथा भाग लेने का अधिकार है, जिसका वह सदस्य नामित किया जाता है। वह उन सभी विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों का हकदार होता है जो एक संसद सदस्य को प्राप्त होते हैं। वह सरकारी सेवकों की श्रेणी में नहीं आता है, अत: उसे निजी कानूनी अभ्यास से वंचित नहीं किया जाता है। हालाँकि उसे भारत सरकार के खिलाफ किसी मामले में सलाह या संक्षिप्त जानकारी देने का अधिकार नहीं है।
- भारत का महान्यायवादी (Solicitor General of India) और भारत के अतिरिक्त महान्यायवादी (Additional Solicitor General) आधिकारिक

दृष्टि The Vision

ज़म्मिदारियों को पूरा करने में महान्यायवादी की सहायता करते हैं। अतः ऐसा वर्णति नहीं है की भारत का महान्यायवादी भी भारत की संसद की बैठकों में भाग लेता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- महान्यायवादी को हटाने की प्रक्रिया और आधार संविधान में नहीं बताए गए हैं। वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है (राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय हटाया जा सकता है)। अतः भारत का महान्यायवादी सरकार के इस्तीफा देने पर त्यागपत्र नहीं देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/attorney-general-of-india**

**88. भारत के न्यायालयों द्वारा जारी रिटों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. किसी प्राइवेट संगठन के विरुद्ध, जब तक कि उसको कोई सार्वजनिक कार्य नहीं सौंपा गया हो, परमादेश (मैंडेमस) नहीं होगा।
2. किसी कंपनी के विरुद्ध, भले ही वह कोई सरकारी कंपनी हो, परमादेश (मैंडेमस) नहीं होगा।
3. कोई भी लोक-प्रवण व्यक्ति (पब्लिक माइंडेड परसन) अधिकार-पृच्छा (क्वो वारंटो) रिट प्राप्त करने हेतु न्यायालय में समावेदन करने के लिए याची (पिटीशनर) हो सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

- परमादेश (मैंडेमस) न्यायालय से एक आदेश के रूप में एक न्यायिक उपाय है। यह किसी प्राधिकरण को वैधानिक प्रावधान के खिलाफ कुछ करने के लिये मजबूर करने के लिये जारी नहीं किया जा सकता है। उदाहरण के लिये, इसका उपयोग निचली अदालत में किये गए आवेदनों पर एक विशिष्ट कार्रवाई करने हेतु मजबूर करने के लिये नहीं किया जा सकता है, लेकिन अगर अदालत एक या दूसरे तरीके से शासन करने से इनकार करती है तो अदालत को आदेश देने के लिये एक परमादेश का उपयोग किया जा सकता है।
- अतः किसी प्राइवेट संगठन के विरुद्ध जब तक कि उसको कोई सार्वजनिक कार्य नहीं सौपा गया हो, परमादेश जारी नहीं होगा।**अतः विकल्प 1 सत्य है।**
- परमादेश किसी भी सरकार, अधीनस्थ न्यायालय, निगम या सार्वजनिक प्राधिकरण को करने के लिये (या इससे मना करना) कुछ विशिष्ट कार्य जो वह निकाय कानून के तहत करने के लिये बाध्य है (या करने से बचना) और जो सार्वजनिक कर्तव्य की प्रकृति में है और कुछ मामलों में एक वैधानिक कर्तव्य में से एक है। परमादेश में स्पष्ट वर्णति है कि यह किसी सार्वजनिक निगम / प्राधिकरण (सरकारी कंपनी) के विरुद्ध जारी किया जा सकता है। **अतः विकल्प 2 गलत है।**
- अधिकार पृच्छा का अर्थ 'आप क्या प्राधिकार है?' होता है यह अवैधानिक रूप से किसी सार्वजनिक पद पर आसीन व्यक्ति के विरुद्ध जारी किया जाता है।
    - सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय किसी व्यक्ति द्वारा सार्वजनिक कार्यालय के अवैध हड़पने को रोकने के लिये यह रिट जारी करता है। इस रिट के माध्यम से, अदालत किसी व्यक्ति के सार्वजनिक कार्यालय के दावे की वैधता की जाँच करती है।
    - यह तभी जारी किया जा सकता है जब किसी कानून या संविधान द्वारा सृजित स्थायी स्वरूप का वास्तविक सार्वजनिक कार्यालय शामिल हो।
    - इसे निजी या मंत्रिस्तरीय कार्यालय के खिलाफ जारी नहीं किया जा सकता है।
    - यह रिट पीड़ित व्यक्ति के अलावा किसी अन्य व्यक्ति को निवारण की मांग करने का अधिकार देता
    - है। अतः कोई भी लोक-प्रवण व्यक्ति अधिकार पृच्छा रिट प्राप्त करने हेतु न्यायालय में समावेदन करने के लिये याची हो सकता है।**अतः विकल्प 3 सत्य है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/paper2/right-to-constitutional-remedy-and-importance

**89. आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राइवेट अस्पतालों और सरकारी अस्पतालों को इसे अवश्य अपनाना चाहिए।
2. चूँकि इसका लक्ष्य स्वास्थ्य की सर्वजनीन व्याप्ति है, अंततोगत्वा भारत के हर नागरिक को इसका हिस्सा हो जाना चाहिए।
3. यह पूरे देश में निर्बाध रूप से लागू किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

इस मिशन के तहत नागरिक अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को जोड़ा जा सकेगा।

- आयुष्मान भारत देश की एक प्रमुख योजना है, जिसे सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (UHC) के दृष्टिकोण को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की सिफारिश के अनुसार शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और नागरिकों को आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है।
- मिशन के पायलट प्रोजेक्ट की घोषणा प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2020 को लाल किले की प्राचीर से की थी।
- यह पायलट परियोजना छह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चरणबद्ध रूप में लागू की जा रही है
- इसकी कार्यान्वयन एजेंसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत स्थापित राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) होगी।
- यह प्रत्येक नागरिक को प्रदान किया जाएगा जो उनके स्वास्थ्य खाते के रूप में भी काम करेगा। इस स्वास्थ्य खाते में प्रत्येक परीक्षण, प्रत्येक बीमारी, डॉक्टर से अपॉइंटमेंट, ली गई दवाओं और निदान का विवरण होगा।
- स्वास्थ्य आईडी निःशुल्क व स्वैच्छिक है। यह स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करने में मदद करेगी और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बेहतर नियोजन, बजट तथा कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा।

**अतः कथन 1, 2 और 3 सही है।**

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/ayushman-bharat-digital-mission-1%5D

**90. लोकसभा के उपाध्यक्ष के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. लोकसभा के कार्य-पद्धति और कार्य-संचालन नियमों के अनुसार, उपाध्यक्ष का निर्वाचन उस तारीख को होगा जो अध्यक्ष नियत करे।
2. यह आज्ञापक उपबंध है कि लोकसभा के उपाध्यक्ष के रूप में किसी प्रतियोगी का निर्वाचन या तो मुख्य विपक्षी दल से, या शासक दल से, होगा।
3. सदन की बैठक की अध्यक्षता करते समय उपाध्यक्ष की शक्ति वैसी ही होती है जैसी कि अध्यक्ष की, और उसके विनिर्णयों के विरुद्ध अपील नहीं हो सकती।
4. उपाध्यक्ष की नियुक्ति के बारे में सुस्थापित संसदीय पद्धति यह है कि प्रस्ताव अध्यक्ष द्वारा रखा जाता है और प्रधान मंत्री द्वारा विधिवत समर्थित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 3

(b) 1, 2 और 3

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 2 और 4

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के अनुसार, "उपसभापति का चुनाव उस तारीख को होगा जो अध्यक्ष तय कर सकता है। कन्वेंशन के अनुसार, डिप्टी स्पीकर का पद भारत में विपक्षी दल को दिया जाता है। **अतः विकल्प 1 सही है।**
- 10वीं लोकसभा तक अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों आमतौर पर सत्ताधारी दल से चुने जाते थे। 11वीं लोकसभा के बाद से यह आम सहमति रही है कि अध्यक्ष का पद सत्ता पक्ष/गठबंधन को और उपाध्यक्ष का पद मुख्य विपक्षी दल को दिया जाता है। **अतः विकल्प 2 सही है।**
- वह सदन के अंदर भारत के संविधान के प्रावधानों, लोकसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों तथा संसदीय मामलों का अंतिम व्याख्याकार होता है। वह इन प्रावधानों की व्याख्या के मामलों में अक्सर ऐसे निर्णय देता है जिनका सदस्यों द्वारा सम्मान किया जाता है और जो प्रकृति में बाध्यकारी होते हैं। अर्थात् उसका निर्णय अंतिम होता है। अनुच्छेद 95 उपाध्यक्ष या अन्य व्यक्ति को अध्यक्ष के पद के कर्तव्यों का पालन करने या अध्यक्ष के रूप में कार्य करने की शक्ति का प्रावधान प्रदान करता है। अतः उपाध्यक्ष द्वारा सदन की बैठक की अध्यक्षता करते समय उसकी शक्ति ठीक लोकसभा अध्यक्ष के समान होती है और उसके विनिर्णयों के विरुद्ध कोई अपील नहीं हो सकती है। **अतः विकल्प 3 सत्य है।**
- उपाध्यक्ष का चुनाव लोकसभा द्वारा ही अपने सदस्यों में से किया जाता है। स्पीकर के चुनाव के बाद डिप्टी स्पीकर का भी चुनाव होता है **।अतः विकल्प 4 असत्य है**

https://www.drishtiias.com/hindi/paper2/the-office-of-speaker-of-lok-sabha

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/election-of-speaker-and-deputy-speaker

**91. ''त्वरित वित्तीयन प्रपत्र (Rapid Financing Instrument)'' और ''त्वरित ऋण सुविधा (Rapid Credit Facility)'', निम्नलिखित में किस एक के द्वारा उधार दिए जाने के उपबंधों से संबंधित हैं?**

(a) एशियाई विकास बैंक

(b) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

(c) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम वित्त पहल

(d) विश्व बैंक

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रैपिड फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट (RFI)**

- रैपिड फाइनेंसिंग इंस्ट्रूमेंट (RFI) त्वरित वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जो भुगतान संतुलन की तत्काल आवश्यकता का सामना करने वाले सभी सदस्य देशों के लिये उपलब्ध है। सदस्य देशों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये IMF की वित्तीय सहायता को और अधिक लचीला बनाने हेतु RFI को व्यापक सुधार के हिस्से के रूप में बनाया गया था। RFI ने IMF की पिछली आपातकालीन सहायता नीति को प्रतिस्थापित किया है और इसका उपयोग कई तरह की परिस्थितियों में किया जा सकता है।

**रैपिड क्रेडिट सुविधा (RCF)**

- रैपिड क्रेडिट सुविधा (RCF) निम्न आय वाले देशों (LIC) को तत्काल भुगतान संतुलन (BoP) की आवश्यकता प्रदान करती है, जिसमें कोई पूर्व-पोस्ट शर्त नहीं है, जहाँ एक पूर्ण आर्थिक कार्यक्रम न तो आवश्यक है और न ही व्यवहार्य। RCF की स्थापना एक व्यापक सुधार के हिस्से के रूप में की गई थी ताकि फंड की वित्तीय सहायता को अधिक लचीला बनाया जा सके तथा संकट के समय सहित LIC की विविध आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर बनाया जा सके।
- RCF के तहत तीन क्षेत्र हैं:
  - घरेलू अस्थिरता, आपात स्थिति और नाजुकता जैसे स्रोतों की एक विस्तृत शृंखला के कारण तत्काल BoP ज़रूरतों के लिये एक "नियमित खिड़की"
  - अचानक, बहिर्जात झटके की वज़ह से तत्काल BoP जरूरतों के लिये एक "बहिर्जात शॉक विंडो" और
  - प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली तत्काल BoP ज़रूरतों के लिये एक "बड़ी प्राकृतिक आपदा खिड़की" जहाँ क्षति सदस्य के सकल घरेलू उत्पाद के 20% के बराबर या उससे अधिक होने का अनुमान है

**स्रोत: IMF**

**92. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. अंकित प्रभावी विनिमय दर (Nominal Effective Exchange Rate – NEER) में वृद्धि रुपए की मूल्यवृद्धि को दर्शाता है।
2. वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (Real Effective Exchange Rate – REER) में वृद्धि व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार को दर्शाता है।
3. अन्य देशों में मुद्रास्फीति के सापेक्ष घरेलू मुद्रास्फीति में बढ़ने की प्रवृत्ति NEER और REER के बीच में वर्धमान अपसरण उत्पन्न कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: C**

- भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India-RBI) 36 व्यापारिक साझेदार देशों की मुद्राओं के संबंध में रुपए की '**नॉमिनल इफेक्टिव एक्सचेंज रेट**' **(Nominal Effective Exchange Rate-NEER)** को सारणीबद्ध करता है।
  - यह एक प्रकार का भारित सूचकांक है अर्थात् इसमें उन देशों को अधिक महत्त्व दिया जाता है, जिनके साथ भारत अधिक व्यापार करता है।
  - इस सूचकांक में कमी रुपए के मूल्य में ह्रास को दर्शाती है, जबकि सूचकांक में बढ़ोतरी रुपए के मूल्य में अभिमूल्यन को दर्शाती है।
- RBI द्वारा जारी NEER के अनुसार, बीते कुछ समय में रुपया नवंबर 2018 के पश्चात् से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया है।
- NEER के अतिरिक्त '**रियल इफेक्टिव एक्सचेंज रेट**' **(Real Effective Exchange Rate-REER)** भी भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे परिवर्तनों को मापने के लिये एक महत्त्वपूर्ण मापदंड है।
  - REER के अंतर्गत NEER में शामिल अन्य कारकों के अतिरिक्त विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में घरेलू मुद्रास्फीति को भी ध्यान में रखा जाता है, जिसके कारण इसका महत्त्व अधिक बढ़ जाता है।
- NEER विदेशी मुद्राओं के संदर्भ में घरेलू मुद्रा के द्विपक्षीय विनिमय दरों का भारित औसत होता है। जबकि REER मुद्रास्फीति के प्रभावों के लिये समायोजित अन्य प्रमुख मुद्राओं के सापेक्ष घरेलू मुद्रा का भारित औसत है।
- NEER विदेशी मुद्रा बाज़ार के संदर्भ में देश की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा का एक संकेतक है।
- REER की गणना NEER में मूल्य परिवर्तन को समायोजित करने के पश्चात् की जाती है। इस प्रकार अर्थशास्त्री NEER की अपेक्षा REER को अधिक महत्त्व देते हैं।
- **NEER =** विशेष आहरण अधिकार (SDR) के संदर्भ में घरेलू विनिमय दर/विशेष आहरण अधिकार (SDR) के संदर्भ में विदेशी विनिमय दर
- **REER =** NEER × (घरेलू मूल्य सूचकांक/विदेशी मूल्य सूचकांक). **अतः कथन 1, और 3 सही हैं।**

https://www.drishtiias.com/hindi/daily-updates/daily-news-analysis/exchange-rate-of-rs

**93. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. यदि मुद्रास्फीति अत्यधिक है, तो भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) सम्भावित रूप से सरकारी प्रतिभूतियाँ खरीद सकता है।
2. यदि रुपए का तेज़ी से मूल्यह्रास हो रहा है, तो RBI बाज़ार में डॉलरों का सम्भावित रूप से विक्रय कर सकता है।
3. यदि USA या यूरोपीय संघ में ब्याज दरें गिरती होतीं, तो इससे सम्भावित रूप से RBI की डॉलरों की खरीद प्रेरित हो सकती है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये, भारतीय रिज़र्व बैंक मुद्रा बाज़ार में प्रतिभूतियों को बेचता है जो बाज़ार से अतिरिक्त तरलता को अवशोषित करता है।
- जब रुपए का मूल्य तेज़ी से गिरता है तो रिज़र्व बैंक डॉलर की आपूर्ति को बढ़ा देता है। अमेरिका या यूरोपीय संघ जैसे अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में जैसी ही ब्याज दरें गिरती है तो उसका प्रभाव भारत जैसे अन्य देशों के बाज़ारों में डॉलर की खरीद पर पड़ता है।

**94. ''G20 कॉमन प्रेमवर्क'' के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह G20 और उसके साथ पेरिस क्लब द्वारा समर्थित पहल है।
2. यह अधारणीय ऋण वाले निम्न आय देशों को सहायता देने की पहल है।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- DSSI (कॉमन फ्रेमवर्क) से परे ऋण उपचार के लिये सामान्य ढाँचा, पेरिस क्लब के साथ मिलकर G20 द्वारा समर्थित एक पहल है। जिसका उद्देश्य संरचनात्मक तरीके से, कम आय वाले देशों को अस्थिर (Unsustainable) ऋण के साथ समर्थनकरना है।

**95. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, ''मुद्रास्फीति-सहलग्न बॉन्ड (Inflation-Indexed Bonds – IIBs)'' के क्या लाभ हैं?**

1. सरकार IIBs के रूप में अपने ऋणग्रहण पर कूपन दरों को कम कर सकती है।
2. IIBs निवेशकों को मुद्रास्फीति के बारे में अनिश्चितता से सुरक्षा प्रदान करते हैं।
3. IIBs पर प्राप्त ब्याज और साथ ही साथ पूँजीगत लाभ कर-योग्य नहीं होते।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-से सही हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

**रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया के अनुसार,**

- 1997 में जारी CIB ने केवल मूलधन को मुद्रास्फीति संरक्षण प्रदान किया, न कि ब्याज भुगतान को। जबकि IIB के नए उत्पाद मूलधन और ब्याज भुगतान दोनों को मुद्रास्फीति सुरक्षा प्रदान करेंगे।

- मुद्रास्फीति के खिलाफ समायोजित मूलधन पर निश्चित कूपन दर का भुगतान करके ब्याज दर को मुद्रास्फीति से सुरक्षा प्रदान की जाएगी तथा सरकार IIB के रूप में अपने ऋण ग्रहण पर कूपन दरों को कम कर सकती है। **अतः कथन 1 और 2 सही हैं।**
- मुद्रास्फीति अनुक्रमित बॉण्ड (आईआईबी) 1997 के दौरान पूंजी अनुक्रमित बॉण्ड (सीआईबी) के नाम पर जारी किये गए थे। तथा आईआईबी का द्वितीयक बाज़ार (बीएसई, एनएसई, और अन्य स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से) में भी कारोबार किया जा सकता है, हालांकि, यदि वे द्वितीयक बाज़ार में बेचे जाते हैं और लाभ कमाया जाता है, तो पूंजीगत लाभ कर का भुगतान करना होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**96. भारत में कार्य कर रही विदेशी-स्वामित्व की e-वाणिज्य फर्मों के सन्दर्भ में, निम्नलिखित कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. अपने प्लेटफॉर्मों को बाज़ार-स्थान के रूप में प्रस्तुत करने के अतिरिक्त वे स्वयं अपने माल का विक्रय भी कर सकते हैं।
2. वे अपने प्लेटफॉर्मों पर किस अंश तक बड़े विक्रेताओं को स्वीकार कर सकते हैं, यह सीमित है।

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

**e-वाणिज्य की नियमावली के आधार पर,**

- बाज़ार-स्थान प्रदान करने वाली ई-कॉमर्स संस्थाएँ इन्वेंट्री यानी बेची जाने वाली वस्तुओं पर स्वामित्व का प्रयोग नहीं करेंगी। इन्वेंट्री पर इस तरह का स्वामित्व व्यवसाय को एक इन्वेंट्री आधारित मॉडल में प्रस्तुत करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- एक ई-वाणिज्य इकाई अपने बाज़ार-स्थान के माध्यम से प्रभावित बिक्री के 25% से अधिक एक विक्रेता को अनुमति नहीं देगी। अतः इसकी सीमा का निर्धारण किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

**97. निम्नलिखित में कौन-कौन-से कार्यकलाप अर्थव्यवस्था में वास्तविक क्षेत्रक (रियल सेक्टर) का निर्माण करते हैं?**

1. किसानों को अपनी फसलें काटना
2. कपड़ा मिलों का कच्चे कपास को कपड़े में बदलना
3. किसी वाणिज्यिक बैंक का किसी व्यापारी कंपनी को धनराशि उधार देना
4. किसी कॉर्पोरेट निकाय का विदेश में रुपया-अंकित मूल्य के बॉन्ड जारी करना

**नीचे दिए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 3 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- अर्थव्यवस्था के वास्तवकि क्षेत्रकों में उद्यम (गैर-वत्तिीय नगिम), घरेलू और गैर-लाभकारी संस्थाएँ शामलि हैं, जो परवािरों की सेवा करती हैं। **अतः केवल कथन 1 और 2 सही हैं।**

**98. भारत के सन्दर्भ में हाल ही में जनसंचार-माध्यमों में अक्सर चर्चति "अप्रत्यक्ष अंतरण" को नम्निलखिति में कौन-सी एक स्थति सिर्वोत्तम रूप से प्रतबिबिति करती है?**

(a) कोई भारतीय कंपनी, जसिने कसिी वदिशी उद्यम में नविश कयिा हो और अपने नविश पर मलिने वाले लाभ पर उस बाहरी देश को कर अदा करती हो

(b) कोई वदिशी कंपनी, जसिने भारत में नविश कयिा हो और अपने नविश से मलिने वाले लाभ पर अपने आधारभूत देश को कर अदा करती हो

(c) कोई भारतीय कंपनी, जो कसिी बाहरी देश में मूर्त संपत्त खिरीदती है और उनका मूल्य बढ़ने पर उन्हें बेच देती है तथा प्राप्त कोि भारत में अंतरति कर देती है

(d) कोई वदिशी कंपनी शेयर अंतरति करती है और ऐसे शेयर भारत में स्थति परसिंपत्तयिों से अपना वस्तुगत मूल्य व्युत्पन्न करते हैं

**उत्तर: (d)**

**व्याख्या:**

- जन संचार माध्यमों में अक्सर चर्चति शब्द 'अप्रत्यक्ष हस्तांतरण' उन स्थतियिों को संदर्भति करता है जहाँ वदिशी संस्थाएँ भारत में शेयर या संपत्त रिखती हैं, ऐसी वदिशी संस्थाओं के शेयरों को भारत में अंतर्नहिति परसिंपत्तयिों के प्रत्यक्ष हस्तांतरण के बजाय स्थानांतरति कयिा जाता है।

**अतः वकिल्प (d) सर्वाधकि उपयुक्त है।**

**99. कसिी संगठन या कंपनी द्वारा कए गए व्यय के सन्दर्भ में, नम्निलखिति कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. नई प्रौद्योगकिी प्राप्त करना पूँजीगत व्यय है।
2. ऋण वत्तिीयन को पूँजीगत व्यय माना जाता है, जबक ईिक्वटिी वत्तिीयन को राजस्व व्यय माना जाता है।

**नीचे दए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनए:**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

- पूंजीगत व्यय (CapEx) एक कंपनी द्वारा संपत्त, पौधों, भवनों, प्रौद्योगकिी, या उपकरण जैसी भौतकि संपत्तयिों को प्राप्त करने, अपग्रेड करने और बनाए रखने के लयि उपयोग की जाने वाली धनराश हि। CapEx का उपयोग अक्सर कसिी कंपनी द्वारा नई परयिोजनाएँ या नविश करने के लयि कयिा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **कथन 2 सही नहीं है**, क्योंक इिक्वटिी वत्तिीयन कसिी कंपनी के स्टॉक को नकदी के बदले में बेचकर कसिी संगठन की तरलता की ज़रूरतों को पूरा करने के लयि धन जुटाने की एक वधि हि, इसलयि इसे पूंजीगत व्यय में माना जाता है।

**100. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में, नम्निलखिति कथनों पर वचिार कीजयि :**

1. घरेलू वित्तीय बचत का एक भाग सरकारी ऋणग्रहण के लिए जाता है।
2. नीलामी में बाज़ार-संबंधित दरों पर जारी दिनांकित प्रतिभूतियाँ, आंतरिक ऋण का एक बड़ा घटक होती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर: (c)**

**व्याख्या:**

**सरकारी ऋण स्टेटस पत्र द्वारा, निम्नलिखित खंड आंतरिक ऋण के घटकों का विवरण प्रदान करता है।**

- बाज़ार ऋण - दिनांकित प्रतिभूतियां  राजकोषीय घाटे के वित्तपोषण के लिये उपयोग किये जाने वाले प्रमुख साधन हैं। वे प्रत्येक वित्तीय वर्ष में क्रमशः अप्रैल-सितंबर और अक्तूबर-मार्च को कवर करने वाले दो छमाही जारी कैलेंडर के अनुसार नीलामी के माध्यम से जारी किये जाते हैं। **अतःकथन 2 सही है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-analysis-2022